बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–IX & X

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

Catch-Up Course

सेतु – सामग्री

कक्षा–IX & X

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार
अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शिक्षकों के लिए निर्देश

आप सभी अवगत हैं कि पिछले लगभग 10 माह से कोविड 19 के कारण विद्यालयों में बच्चों का पठन–पाठन सहित अन्य शैक्षणिक कार्य बाधित रहा है जिसके कारण उनके सीखने की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो गई है। इस लंबे और त्रासद अंतराल ने इस दौरान सीखने के अपेक्षित अवसरों को, खास कर विद्यालय में, कम कर दिया जिसके कारण बच्चों में Learning Gap बढ़ गया है। अतः ये आवश्यक और अपेक्षित है कि इस Learning Loss या Gap को कम किया जाय। शिक्षा से जुड़े विभिन्न हितधारकों से व्यापक विचार–विमर्श के उपरांत राज्य स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि बच्चों के सीखने सिखाने की प्रक्रिया को गति प्रदान करने और उनमें अगली कक्षा की दक्षताओं के प्रति तत्परता उत्पन्न हो सके, इसके लिए अगले तीन महीनों के लिए कोविड काल से सम्बन्धित कक्षा के लिए, अधिगम प्रतिफलों के आलोक में विषय वस्तु को इस तरह तार्किक और संतुलित रूप से कम करते हुए प्रस्तुत किया जाय कि Learning Loss या Gap को कम किया जा सके। इसके लिए तीन माह का Catch-Up-Course विकसित करते हुए पाठ्य–पुस्तक से उन सामग्रियों/विषय वस्तुओं/गतिविधियों की पहचान की गई जिनके माध्यम से बच्चों के Learning Loss या Gap को कम करते हुए अपेक्षित अधिगम प्रतिफल सुनिश्चित कर उन्हें अगली कक्षा के लिए तैयार और तत्पर किया जा सके। वस्तुतः चिन्हित सामग्री/विषय वस्तु/गतिविधियां, क्रियाकलाप तथा शिक्षण रणनीति पूर्व और अगली कक्षा के लिए सेतु का कार्य करेगी।

वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर के अन्तर्गत Catch-Up-Course और चयनित विषय वस्तु के आलोक में बच्चों में अपेक्षित अधिगम प्रतिफल सुनिश्चित हो सके इस हेतु निम्न तथ्यों को ध्यान में रखा जाना अपेक्षित है।

–कोविड– 19 की सुरक्षा से सम्बन्धित सभी विभागीय निर्देशों एवं प्रावधानों का पूर्णतः सावधानी से अनुपालन किया जाए।

– Catch-Up-Course कुल 60 दिनों के लिए विकसित किया गया है।

– चयनित विषयवस्तु में सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन) की पाठ्य–पुस्तक 8–9 के पाठ लिए गए हैं। कक्षा 8–9 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा 9–10 में पढ़ रहे है, उनके लिए तीन महीने का Catch-Up-Course हैं।

–चिन्हित पाठों से सम्बन्धित अधिगम प्रतिफल या सीखने के प्रतिफल Catch-Up-Course के सम्बन्धित पाठ के साथ दिये गए हैं।

– सभी चिन्हित पाठों के लिए अधिगम संकेतक दिये गए है जिनके आलोक में बच्चों में अधिगम सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

– पुनः सभी पाठों के साथ बच्चों में सहज अधिगम सुनिश्चित किए जाने को ध्यान में रखते हुए उससे सम्बन्धित कुछ सुझावात्मक प्रक्रिया दी गई है जिनका उपयोग कक्षा कक्ष प्रक्रिया में किया जा सकता है। ध्यान रहे ये प्रक्रिया मात्र सुझाव है न कि अंतिम। आप पाठ से सम्बन्धित नवाचारी प्रक्रियों का उपयोग करके अपनी प्रस्तुति को और भी सुगम बनाते हुए बच्चों के सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को सहज और आकर्षक बना सकते हैं।

–सुझावात्मक प्रक्रिया के अंतर्गत पाठ से सम्बन्धित गतिविधियां, क्रिया कलाप और तालिकाओं की चर्चा की गई है जिन्हें कक्षा कक्ष में सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना अपेक्षित है जिससे बच्चों का सीखना सुनिश्चित हो सके और अधिगम प्रतिफल की संप्राप्ति हो सके।

– सुविधा के लिए प्रत्येक पाठ से संबन्धित गतिविधियों, क्रियाकलाप और तालिका से संबन्धित पृष्ठों को भी अंकित किया गया है।

–पुनः सभी चिन्हित पाठों से संबन्धित सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संभावित दिनों की संख्या भी सुझाई गई है जिसे ध्यान में रखा जाय।

– सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में बच्चों को बातचीत करने, अपने अनुभवों को साझा करने और जहां तक संभव हो स्वयं से कर के सीखने का पर्याप्त अवसर दिया जाना अपेक्षित है। इससे बच्चों को कोविड 19 के कारण हुए विविध आघात (Trouma) और संबन्धित दुष्प्रभावों से बाहर निकालने में मदद मिलेगी, बच्चे सहज हो सकेंगे, विद्यालय, कक्षा और अपने सहपाठियों के प्रति भी सहज हो सकेंगे।

– यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि बच्चे पूरी शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में मानसिक और शारीरिक रूप से सहज बने रहे। सम्पूर्ण शैक्षिक प्रक्रिया और विद्यालय वातावरण दवाबमुक्त हो।

निदेशक
(गिरिवर दयाल सिंह)
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना।

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा–9 (कक्षा–8 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा–9 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की पाठ्य सामग्री)

विषयः–सामाजिक विज्ञान (इतिहास) अतीत से वर्तमान–भाग–3

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समायोजित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या–14 (चौदह) है, जिसे समायोजन के पश्चात–9 (नौ) अध्यायों के अन्तर्गत रखा गया है।

अधिगम प्रतिफल	क्रम संख्या	पाठ्क्रम संख्या	पाठ का नाम	अवधि
विभिन्न स्रोतों, प्रयुक्त नामकरण और व्यापक बदलावों के आधार पर आधुनिक काल, मध्य काल और प्राचीन काल में अंतर स्पष्ट करना। भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की स्थापना की परिस्थतियों की जानकारी देना।	1	1. 2.	कब, कहाँ और कैसे भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना	03 कार्य दिवसों में
औपनिवेशिक काल की कृषि नीतियों एवं उनके प्रभावों का विश्लेषण करना। औपनिवेशिक शासन के दौरान जनजातीय समाज में आए बदलावों की जानकारी से अवगत कराना।	2	3. 4.	ग्रामीण जीवन और समाज उपनिवेशवाद एवं जनजातीय समाज	02 कार्य दिवसों में
ईस्ट इंडिया कंपनी के औद्योगिक नीतियों को समझना एवं उनके प्रभावों को जानना।	3	5.	शिल्प एवं उद्योग	02 कार्य दिवसों में
1857 ई0 के विद्रोह की उत्पति, प्रकृति, प्रसार और इसके परिणामों का वर्णन करना।	4	6.	अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष (1857 का विद्रोह)	01 कार्य दिवस में
भारत में आधुनिक शिक्षा के विकास एवं स्थापित किये गए संस्थानों के बारे में बताना। (बिहार के संदर्भ में)	5	7.	ब्रिटिश शासन एवं शिक्षा	02 कार्य दिवसों में
रूढ़ीवादी सामाजिक व्यवस्था एवं परम्पराओं, उनके सुधार के दौरान आई बाधाओं को समझना।	6	8. 9.	जातीय व्यवस्था की चुनौतियाँ महिलाओं की स्थिति एवं सुधार	02 कार्य दिवसों में
औपनिवेशिक काल में नगरीकरण की प्रक्रिया एवं नगरीय जीवन की स्थिति से अवगत करना।	7	10.	अंग्रेजी शासन एवं शहरी बदलाव	01 कार्य दिवस
आधुनिक काल में, कला क्षेत्र परिवर्तन की रूपरेखा एवं राष्ट्रवादी रचना से अवगत होना।	8	11.	कला क्षेत्र में परिवर्त्तन	01 कार्य दिवस
1870 के दशक से लेकर आजादी तक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की पृष्ठभूमि एवं विभिन्न चरणों को समझना। आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलावों का विश्लेषण करना।	9	12. 13.	राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947 स्वतंत्रता के बाद विभाजित भारत का जन्म	05 कार्य दिवसों में
			पुनरावृत्ति	01 कार्य दिवस

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-Up-Course)

कक्षा 9 (कक्षा–8 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा 9 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

कक्षा - IX

विषयः– सामाजिक विज्ञान (इतिहास)

सीखने का प्रतिफल	अध्याय	अधिगम संकेतक	सुझावात्मक प्रक्रिया	अवधि
Learning Outcomes	Chapters	Learning Indicators	Suggestive Process	Duration
• विभिन्न स्रोतों का इस्तेमाल कर भारतीय उपमहाद्वीप के अलग–अलग नामकरण एवं बदलाव को समझते हैं। • काल विभाजन को समझते हुए आधुनिक, मध्य काल एवं प्राचीन काल के अन्तर को बतलाते हैं। • ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन की भारत में स्थापना की परिस्थिति को स्पष्ट करते हैं। • इतिहास में पलासी और बक्सर के युद्ध के महत्व को बताते हैं। • कलकत्ता, मद्रास (चेन्नई) एवं बम्बई (मुम्बई) के विकास क्रम को जानते हैं।	1. **कब, कहाँ, कैसे?** 2. **भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना**	• काल विभाजन के साथ–साथ होने वाले परिवर्तन एवं स्रोतों की जानकारी है। • समुद्री मार्गों से भारत और अमेरीका की खोज एवं उसके परिणाम की सामान्य समझ है। • पुनर्जागरण, पूंजीवाद, औद्योगिक क्रांति, उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद जैसी परिभाषाओं एवं अवधारणाओं की समझ है। • भारत में अँग्रेजी राज्य की स्थापना की परिस्थितियों का विश्लेषण करते हैं। • भारत में देशी राज्यों और कम्पनी के मध्य होने वाले संघर्षों को ई0 सन् के साथ बताते हैं। • फ्रांस और ब्रिटेन के मध्य भारत पर अधिकार को लेकर	• मानचित्र के आधार पर भारत में अँग्रेजी साम्राज्य की स्थापना का विश्लेषण करना।(पाठ्य–पुस्तक के आधार पर) • उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद एवं औद्योगिक क्रांति के प्रभावों (भारत के संदर्भ में) की विवेचना। (छात्र–शिक्षक के बीच) • चार्ट पेपर/श्यामपट्ट पर अँग्रेजी कम्पनी की विजय का वर्षवार प्रदर्शन। (शिक्षक द्वारा) • टीपू सुल्तान एवं महाराजा रणजीत सिंह के जीवन को जानने का प्रयास (शिक्षक द्वारा) • मानचित्र के आधार पर बंगाल विभाजन, बिहार	3 कार्य दिवसों में

		हुए संघर्ष को जानते हैं। • मध्यकाल और आधुनिक काल के ऐतिहासिक स्रोतों में अंतर कर पाते हैं। • पलासी एवं बक्सर युद्ध के परिणाम एवं महत्व के बारे में जानते हैं।	विभाजन एवं भारत विभाजन को स्पष्ट करना। (शिक्षक के द्वारा)	
• भारत के विभिन्न क्षेत्रों में औपनिवेशिक शासन द्वारा अपनाई गयी कृषि नीतियों एवं उनके प्रभावों को बताते हैं। • नील विद्रोह एवं नील की खेती को विश्लेषित करते हैं। • जनजातीय समाज की समझ को स्पष्ट करते हुए औपनिवेशिक शासन के बाद उनमे आए बदलावों को बताते हैं। • बिरसा मुंडा को भगवान का अवतार मानने के आधार को व्यक्त करते हैं। • जादोनांग एवं रानी गिंडाल्यू के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्य के जनजातीय आंदोलन को बताते हैं।	**3. ग्रामीण जीवन और समाज** **4. उपनिवेशवाद एवं जनजातीय समाज**	• अँग्रेजों द्वारा भारत में अपने व्यापारिक लाभ के लिए किए जाने वाले कार्यो को जानते हैं। • भारत के अलग–अलग क्षेत्रों में कम्पनी द्वारा अपनाई गयी राजस्व नीति को जानते हैं। • स्थायी बंदोबस्त के दुष्प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। • भू–राजस्व व्यवस्था की प्रतिक्रिया में होने वाले किसान विद्रोह को जानते हैं। • बिहार में नील की खेती वाले क्षेत्र को जानते हैं एवं इसके महत्व को भी समझते हैं। • आदिवासी समुदाय का वनों के साथ आर्थिक निर्भरता जानते हैं। • झूम खेती के बारे में जानते हैं।	• पाठ्य–पुस्तक के आधार पर ग्रामीण अर्थ–व्यवस्था पर चर्चा एवं अवलोकन। • लगान व्यवस्था के कुप्रभावों का विश्लेषण। (पाठ्य पुस्तक के आधार पर) • नील,अफीम,शोरा के उत्पादन का बिहार के संदर्भ में चर्चा। (शिक्षक द्वारा) • वनोत्पाद का सूचीकरण श्यामपट्ट पर उसके महत्व एवं आदिवासी समुदाय की उसपर निर्भरता की चर्चा। (छात्र–शिक्षक के बीच) • जनजातीय खेती के तरीके एवं वहाँ की लगान व्यवस्था साहूकारों की उपस्थिति एवं उसके दूष्प्रभावों पर चर्चा।	2 कार्य दिवसों में

		• अँग्रेजों द्वारा रेल लाईन,जहाज, इमारत उद्योग का जंगल एवं आदिवासी समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को जानते हैं। • बेगारी और बंधुआ मजदूरी को परिभाषित करते हैं। • दिकू का अर्थ जानते हैं। • बिरसा मुंडा का जीवन एवं सिंगबोंगा के बारे में जानते हैं। • स्वतंत्रता के बाद जनजातीय लोगों के लिए किए गए कार्यो को बताते हैं।	• बिरसा मुंडा का स्वयं को भगवान घोषित करने पर सामूहिक चर्चा। • खेती करने के तौर–तरीकों में पहले की अपेक्षा आज क्या बदलाव आया है? बुजुर्गों से पता करें। • अंग्रेजी शासन के पूर्व जनजातीय समाज के लोगों का जीवन कैसा था? शिक्षक के साथ परिचर्चा करें।	
• औपनिवेशिक काल के दौरान पहले से मौजूद भारतीय हस्त शिल्प उद्योग के पतन का विश्लेषण करते हैं। • नये शहरी केन्द्रो और उद्योगो के विकास का विश्लेषण करते हैं। • मुक्त व्यापार की नीति एवं निःऔद्योगिकीकरण को स्पष्ट करते हैं। • झारखंड स्थित जमशेदजी टाटा एवं द्वारा स्थापित साकची नामक स्थान पर टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना की परिस्थितियों को बताते हैं।	**5. शिल्प एवं उद्योग**	• ब्रिटिश भारत के पूर्व आयात निर्यात होने वाले वस्तुओं की सूची बनाते हैं। • भारतीय शिल्प एवं उद्योग के पतन के कारणो की विवेचना करते हैं। • भारतीय कुटीर उद्योग के विनाश के कारणो की व्याख्या करते हैं। • भारत में स्थापित भारी उद्योगों की सूची स्थापना वर्ष के साथ बताते हैं। • विश्वयुद्धों के मध्य भारतीय उद्योग के विकास के कारणो का विश्लेषण करते हैं।	• श्यामपट्ट पर आयातित निर्यातित वस्तुओं का वर्गीकरण एवं सूचीकरण। (शिक्षक द्वारा) • पाठ्य–पुस्तक के आधार पर भारतीय हस्त शिल्प उद्योग के पतन के कारणों पर चर्चा (शिक्षक द्वारा) • मानचित्र पर ब्रिटिश कालीन उत्पादन केन्द्र का अंकन। (शिक्षक के द्वारा) • भारी उद्योग एवं उसके स्थापना परिस्थितियों का अवलोकन। (पाठ्य–पुस्तक के माध्यम से)	02 कार्य दिवसों में

• 1857 के विद्रोह की उत्पति की पृष्ठभूमि को बताते हैं। • 1857 के विद्रोह के फैलाव को मानचित्र पर दर्शा सकते हैं। • 1857 के विद्रोह के तथ्यात्मक बातों को बताते हैं।	**6. अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष (1857 का विद्रोह)**	• 1857 के विद्रोह के कारणों की सामान्य समझ है। • 1857 के पूर्व अँग्रेजी शासन के विरूद्ध हुए विद्रोह को ई0 सन् के साथ बताते हैं। • मंगल पाण्डेय से परिचित हैं। • अँग्रेजी सैन्य प्रशासन में भारतीय सैनिकों की भूमिका का विश्लेषण करते हैं। • विद्रोह को दबाने के लिए अँग्रजी शासन द्वारा किए गए प्रयासों को बताते हैं। • 1857 के विद्रोह के नायकों एवं उनके कार्यों/वीरता की कहानी बच्चों को प्रभावित करती है। • विद्रोह की असफलता के कारणों का विश्लेषण करते हैं।	• मानचित्र के आधार पर विद्रोह के फैलाव एवं विस्तार का विश्लेषण।(शिक्षक द्वारा) • विद्रोह के कारणों पर समूह चर्चा। (शिक्षक–छात्र द्वारा) • श्यामपट्ट कार्यः– विद्रोह की प्रमुख घटनाओं का तिथिवार अंकन।(पाठ्य–पुस्तक के आधार पर) • विद्रोह की विफलता के कारणों का विश्लेषण। • कुँवर सिंह के कार्यों और वीरता को जानते हैं।	1 कार्य दिवस में
• भारत में आधुनिक शिक्षा प्रणाली के विकास को बताते हैं। • आधुनिक षिक्षा के लिए अँग्रेजी शासन द्वारा किए गए प्रावधानों और उसके प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। • रविन्द्र नाथ टैगोर एवं महात्मा गाँधी के शिक्षा सम्बंधी विचारों को बताते हैं। • आधुनिक शिक्षा के विकास को	**7. ब्रिटिश शासन और शिक्षा**	• 1835 के प्रावधानों और प्रभाव का विश्लेषण करते हैं। • भारत की परम्परागत शिक्षा प्रणाली से परिचित हैं। • 1835 के प्रावधान एवं 1854 के वुडडिस्पैच की व्याख्या करते हैं। • गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर और महात्मा गाँधी के शिक्षा संबंधी विचारों को बताते हैं।	• 1830, 1835, 1854 के प्रावधानों की व्याख्या करते हैं। (पाठ्य–पुस्तक के आधार पर) • जेम्स मिल, मैकाले, राजा राममोहन राय के शिक्षा सम्बंधी विचारो पर समूह चर्चा। (छात्रों के द्वारा) • तुलनात्मक अध्ययनः– परंपरागत भारतीय शिक्षा	2 कार्य दिवसों में

बिहार के सन्दर्भ में विष्लेषण करते हैं।		• बिहार में आधुनिक शिक्षा के प्रसार के लिए स्थापित संस्थानों को बताते हैं। • 1813 के चार्टर एक्ट में शिक्षा के लिए किए गए प्रावधानों की चर्चा करते हैं।	प्रणाली एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली के बीच। (पाठ्य–पुस्तक के माध्यम से) • बिहार में स्थापित आधुनिक शिक्षण संस्थानों का श्यामपट्ट पर तिथिवार प्रदर्श।(पाठ्य–पुस्तक के आधार पर) • रविन्द्र नाथ टैगोर एवं महात्मा गाँधी के शिक्षा सम्बंधी विचारों पर समूह चर्चा। (छात्रों के बीच) • अंग्रेजी शासन के दौरान बिहार में आधुनिक शिक्षा के विकास के लिए जो प्रयास किया गया उसके विषय में वर्ग में शिक्षक के सहयोग से परिचर्चा करें।	
• जन्म के आधार पर सामाजिक भेदभाव की समझ है। • जाति व्यवस्था के विकास के बारे में बताते हैं। • सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन के उद्देश्यों को स्पष्ट कर पाते हैं। • जाति सुधार, महिला सुधार, विधवा पुर्नविवाह, बाल विवाह, जैसे सामाजिक सुधार के क्षेत्र में	**8. जातीय व्यवस्था की चुनौतियाँ** **9. महिलाओं की स्थिति एवं सुधार कार्य**	• जाति और उसपर आधारित सामाजिक बनावट को बताते हैं। • महात्मा फूले, वीरषेलिंगम, नारायण गुरू, रामास्वामी नायकर (पेरियार) एवं उनके कार्यों के बारे में बताते हैं। • महात्मा गाँधी के समाज सुधार सम्बंधी प्रयास को जानते हैं। • डॉ भीमराव अम्बेडकर के	• भारतीय सामाजिक एवं धार्मिक संरचना का विश्लेषण। (शिक्षक के द्वारा) • तुलनाः तत्कालीन जाति व्यवस्था के साथ वर्तमान जाति व्यवस्था की एवं तत्कालीन महिलाओं की स्थिति के साथ वर्तमान महिलाओं की स्थिति की तुलना। (शिक्षक द्वारा)	2 कार्य दिवसों में

औपनिवेशिक शासन के दौरान किए गए प्रयासों का विश्लेषण करते हैं। • सामाजिक एवं लैंगिक समस्याओं के विकास के कारणों एवं उनमें सुधार के प्रयासों की समझ होती है।		विचार एवं उनके दलित उत्थान सम्बंधी कार्यों को जानते हैं। • राजा राममोहन राय, सावित्री बाई फूले के महिला सुधार सम्बंधी कार्यों को जानते हैं। • सती प्रथा उन्मूलन कानून एवं विलियम बैंटिक के प्रयासों को बताते हैं। • ब्रह्म समाज, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, दयानन्द सरस्वती, एवं विवेकानन्द, महात्मा गाँधी एवं नेहरू इत्यादि के महिला उत्थान सम्बंधी विचारों को बताते हैं। • अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं की स्थिति में सुधार हेतु सर सैयद अहमद खाँ के विचारों एवं कार्यो को जानते हैं। • दादा भाई नौरोजी एवं नौरोजी फरदून जी द्वारा स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को जानते हैं। • बिहार सरकार द्वारा चलाई गयी बालिका साईकिल योजना एवं अन्य योजनाओं, जो महिला उत्थान से जुड़ी है, के बारे में जानते हैं	• समाज सुधारों एवं महिला सुधारकों के कार्यों पर समूह चर्चा। (छात्रों के बीच) • सती प्रथा, विधवाओं की स्थिति एवं बाल विवाह के दुष्प्रभाव पर समूह चर्चा। • महात्मा गाँधी द्वारा दलित/हरिजन उत्थान के लिए किए गए कायों पर समूह चर्चा। (छात्रों के बीच) • महात्मा गाँधी और अम्बेदकर के जाति व्यवस्था पर आधारित विचारों की तुलना। • अंग्रेजी सरकार के समय जाति, महिला एवं बाल सुधार के लिए बनाये गए कानून का अवलोकन। (पाठ्य–पुस्तक के माध्यम से) • जाति व्यवस्था एवं महिलाओं की स्थिति में तत्कालीन समय के परिपेक्ष्य में आए बदलावों पर समूह चर्चा। (छात्रों के बीच	

• अंग्रेजी शासन में शहरीकरण की प्रक्रिया और नगरों की स्थिति से अवगत है। • भारत के परम्परागत शहर में अंग्रेजी शासन के दौरान आए बदलाव को स्पष्ट करता है। • भागलपुर शहर की सम्पूर्ण जानकारी (शहरी बदलाव के परिपेक्ष्य में) रखते हैं।	**10. अंग्रेजी शासन और शहरी बदलाव**	• मध्यकालीन भारतीय शहरों में अंग्रेजी शासन के दौरान आए बदलावों से परिचित हैं। • औपनिवेशिक काल में शहरों के विकास में औद्योगिकरण एवं रेलवे के विकास की भूमिका को बताते हैं। • शहरों के विविध प्रकार ह्वाईट टाउन एवं ब्लैक टाउन को परिभाषित करते हैं। • भागलपुर शहर के प्राचीन नाम एवं स्थिति का वर्णन करते हैं। • भागलपुर में शैक्षणिक माहौल में बांगला परिवेश के प्रभाव को रेखांकित करते हैं।	• उपनिवेशवाद एवं शहरी करण की प्रक्रिया पर चर्चा।(पाठ्य पुस्तक के आधार पर) • प्रेसिडेंसी शहरों का सूची करण (श्यामपट्ट पर) एवं विशेषताओं का विश्लेषण। • मानचित्र (नक्षा) के आधार पर भागलपुर शहर की विशेषताओं का अंकन। (शिक्षक द्वारा) • शहरी करण में व्यापारियों की भूमिका पर परिचर्चा। (शिक्षक द्वारा) • शहर के प्रशासनिक ढ़ाँचा एवं इकाईयों पर चर्चा। • भागलपुर शहर के विकास की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर पाठ्य पुस्तक के आधार पर चर्चा। • भागलपुर के साहित्यिक अवदानों एवं उसके आर्थिक महत्व की व्याख्या करना। • कार्य संस्कृति के विकास में घण्टा घर के महत्व को बताना।	1 कार्य दिवस में

• औपनिवेशिक काल में कला क्षेत्र में हुए प्रमुख परिवर्तनों की रूपरेखा बनाते हैं। • राष्ट्रवादी साहित्य एवं उसकी रचनाओं को जानते हैं। • गंगा–जमुनी संस्कृति का विश्लेषण करते हैं। • मधुबनी कला एवं पटना कलम की विशेषताओं को जानते हैं।	**11. कला क्षेत्र में परिवर्तन**	• दरबारी कला एवं स्थानीय कला में अंतर को बताते हैं। • कला के अलग–अलग क्षेत्रों को जानते हैं। • देशी भाषा के राष्ट्रवादी साहित्य तथा बंगला, हिन्दी, उर्दू, तमिल, इत्यादि की रचना एवं रचनाकारों से परिचित हैं। • भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एवं प्रेमचन्द को उनके कार्यों एवं रचनाओं के संदर्भ में जानते हैं। • उर्दू की उत्पति, विस्तार एवं लिपि को जानते हैं।	• भारत की सांस्कृतिक विशेषताओं पर चर्चा। (छात्र शिक्षक के बीच) • औपनिवेशिक काल की कला का विश्लेषण एवं व्याख्या।(शिक्षक द्वारा) • राष्ट्रवादी चित्रकला की व्याख्या।(नन्द–लाल बोस के परिपेक्ष्य में) • राष्ट्रवादी साहित्य के विकास पर चर्चा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, प्रेमचन्द्र, ताराशंकर बंद्योपाध्याय के संदर्भ में। (षिक्षक द्वारा) • मधुबनी चित्रकला एवं पटना कलम की विशेषताओं पर संक्षिप्त चर्चा।	1 कार्य दिवस में

• राष्ट्रवाद के उदय की परिस्थितियों को बताते हैं। • आरंभिक राजनैतिक संगठनों के संदर्भ में राजनैतिक आंदोलन को समझते हैं। • भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की परिस्थितियों एवं उसके आरंभिक नेताओं, कार्यक्रमों एवं उद्देश्यों की समझ है। • राष्ट्रीय आंदोलन में अलग–अलग धाराओं (नरम–गरम दल, क्रांतिकारी, गाँधीवादी वामपंथी, साम्प्रदायिक) एवं उनकी भूमिका के बारे में बताते हैं। • राष्ट्रीय आंदोलन और भारत की आजादी में महात्मा गाँधी के योगदानों की पूरी समझ है। • आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित नेहरू के योगदानों को बताते हैं। • संविधान निर्माण की प्रक्रिया और परिस्थिति को जानते हैं।	**12. राष्ट्रीय आंदोलन 1885 से 1947** **13. स्वतंत्रता के बाद विभाजित भारत का जन्म**	• भारतीय राष्ट्रवाद के उदय के कारणों को बताते हैं। • समाचार पत्रों की भूमिका से अवगत हैं। • कांग्रेस की स्थापना की परिस्थियों से परिचित हैं। • आरंभिक राष्ट्रवादी नेताओं के विचारों एवं कार्यों को जानते हैं। • स्वदेशी आंदोलन के कारण और परिणाम से परिचित हैं। • भारतीय राजनीति में महात्मा • गाँधी का आगमन एवं चम्पारण सत्याग्रह के प्रभाव को जानते हैं। • असहयोग आंदोलन के कारण, परिणाम एवं कार्यक्रम से परिचित हैं। • दाण्डी यात्रा, सविनय अवज्ञा आंदोलन एवं भारत छोड़ो आंदोलन से परिचित हैं। • क्रांतिकारी आंदोलन (चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह के परिपेक्ष्य में) एवं उसके योगदानों से परिचित हैं। • राष्ट्रीय आंदोलन के साथ–साथ साम्प्रदायिकता के विकास एवं मुस्लिम लीग तथा	• कांग्रेस पूर्व राजनैतिक संगठन का श्यामपट्ट पर प्रदर्श। (शिक्षक द्वारा) • राष्ट्रवाद के विकास के कारणों पर समूह चर्चा। (छात्र–शिक्षक द्वारा) • पाठ्य–पुस्तक के आधार पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना का विश्लेषण।(शिक्षक द्वारा) • स्वदेशी आंदोलन के कारण और महत्व की व्याख्या।(शिक्षक द्वारा) • क्रांतिकारी आंदोलन और गाँधीवादी आंदोलन में अंतर पर परिचर्चा।(छात्र शिक्षक के बीच) • दाण्डी यात्रा का कला समेकित अधिगम के आधार पर बच्चों द्वारा अभिनय। • साम्प्रदायिकता के विकास की चर्चा। (शिक्षक द्वारा) • चम्पारण सत्याग्रह, राजकुमार शुक्ल, महात्मा गाँधी एवं तीन कठिया प्रणाली के संदर्भ में व्याख्या। (शिक्षक द्वारा)	5 कार्य दिवसों में

	पुनरावृत्ति	जिन्ना की भूमिका की समझ है। • सुभाष चन्द्र बोस और आजाद हिन्द फौज के कार्यों को जानते हैं। • भारत स्वंतंत्रता अधिनियम 1947 के प्रावधानों एवं स्वतंत्रता के तत्काल बाद की समस्याओं को जानते हैं। • राष्ट्र निर्माण में बाधक तत्वों की वयाख्या करते हैं। • संविधा के प्रस्तावना की विशेषताओं का विश्लेषण करते हैं। • स्वतंत्रता के बाद भारत में नये राज्यों के गठन की परिस्थिति से अवगत हैं। • पं0 नेहरू के आर्थिक प्रयासों को जानते हैं। • नेहरू के बाद भारत की लोकतांत्रिक राजनीति एवं उसके स्वरूप (इंदिरा गाँधी, राजीव गाँधी, बी0 पी0 सिंह एवं अन्य दलों के संदर्भ में) परिचित हैं। • नेहरू की विदेश नीति एवं गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भारत की भूमिका को जानते हैं।	• स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण में बाधक तत्वों पर समूह चर्चा। • राष्ट्रीय आंदोलन की प्रमुख घटनाओ का श्यामपट्ट पर तिथिवार अंकन। (शिक्षक द्वारा) • संविधान की विशेषताओं का विश्लेषण। (शिक्षक द्वारा)	1 कार्य दिवस में

बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–IX

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch up Course)

कक्षाः– 9 (कक्षाः– 8 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा–8 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

विषयः– सामाजिक विज्ञान (भूगोल)

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समेकित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या 7 है जिसे समेकन के पश्चात कुल छः (6) अध्यायों के अंतर्गत रखा गया है।

अधिगम प्रतिफल	क्रम संख्या	पाठक्रम संख्या	अध्याय	अवधि
• संसाधन एवं उनके वर्गीकरण को जानते हैं। भूमि, मृदा, जल, वन एवं वन्य जीव एवं उर्जा संसाधन से अवगत हैं।	1.	1. 1.A 1.B 1.C 1.D	संसाधन भूमि मृदा एवं जल संसाधन वन एवं वन्य प्राणी संसाधन खनिज संसाधन ऊर्जा संसाधन	5 कार्य दिवसों में
• भारतीय/बिहार की कृषि की विशेषताओं, कृषि को प्रभावित करने वाले कारक, प्रकार एवं फसलों की जानकारी रखते हैं।	2.	2.	भारतीय कृषि	3 कार्य दिवसों में
• विभिन्न उद्योगों – लौह–इस्पात उद्योग, वस्त्र उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग को जानते है। विभिन्न आधारों पर उनके वर्गीकरण से अवगत है।	3.	3. 3.A 3.B 3.C	उद्योग लौह–इस्पात उद्योग वस्त्र उद्योग सूचना प्रौद्योगिक उद्योग	5 कार्य दिवसों में
• परिवहन के महत्त्व, प्रकार एवं साधनों की जानकारी है। यातायात संकेतक एवं सड़क सुरक्षा उपाय से परिचित हैं।	4.	4. 5.	परिवहन मानव संसाधन	2 कार्य दिवसों में
• एशिया महादेश की एक संक्षिप्त जानकारी है।	5.	6.	एशिया	3 कार्य दिवसों में
• तथ्यों के गणितीय एवं सांख्यिकीय माध्यम से परिचित हैं एवं दैनिक जीवन में तथ्यों का आरेखीय निरूपण करते हैं।	6.	7.	भौगोलिक आँकड़ों का प्रस्तुतीकरण	2 कार्य दिवसों में

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch up Course)
कक्षाः– 9 (कक्षाः– 8 के बच्चे जो सत्र 2021–22 में कक्षा–8 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

कक्षा – 9 विषय – सामाजिक विज्ञान (भूगोल)

सीखने का प्रतिफल Learning Outcome	अध्याय Chapter	अधिगम संकेतक Learning Indicator	सुझावात्मक प्रक्रिया Suggestive Process	अवधि Duration
• संसाधन एवं उसके वर्गीकरण को जानते हैं। • संसाधन के संरक्षण के प्रति संवेदनशील हैं। • प्राकृतिक एवं मानवकृत संसाधनों के वितरण का विश्लेषण करते है। • भूमि के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में उचित तर्क देते हैं। • वन्य जीव अभ्यारण्य के बारे में जानते है। • वन संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं विवेकपूर्ण तर्क देते हैं। • उर्जा के परम्परागत एवं गैर परम्परागत स्रोतो की जानकारी है। • जन्मदर, मृत्युदर, लिंगानुपात के बारे में जानते हैं।	**1. संसाधन** **A. भूमि, मृदा एवं जल संसाधन** **B. वन एवं वन्य जीव संसाधन** **C. उर्जा संसाधन** **D. मानव संसाधन** **नोटः– 1. बच्चे, कक्षा 7 में अध्याय 2 चट्टान एवं खनिज में खनिज संसाधन से परिचित हैं।** **नोटः– 2. पाठ 5 मानव संसाधन को पाठ 1 संसाधन में समेकित किया गया है।**	• संसाधन के बारे में जानते हैं एवं वर्गीकरण और उसके उपयोग को सूचीबद्ध करते है। • उपयोग के आधार पर भूमि का वर्गीकरण करते हुए भू–संरक्षण के उपाय जानते हैं। • सामाजिक वानिकी का महत्व जानते है, वनों का वर्गीकरण करते है। • परम्परागत एवं गैर परम्परागत उर्जा के स्रोत पता है एवं उर्जा संरक्षण के प्रति संवेदनशील है। • भारत के मानचित्र पर जनसंख्या का सघन एवं विरल वितरण दिखा सकते हैं।	• शिक्षक परिवेश में उपलब्ध चीजों की सूची बच्चो से बनवाएं एवं उसका उपयोग स्पष्ट करें। • भारत/स्थान विशेष के मानचित्र पर इंगित करके बता सकते हैं। • मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत छात्रों को महत्वपूर्ण स्थानों का अवलोकन करा सकते हैं एवं संरक्षण के प्रति संवेदनशील कर सकते हैं। • डीजल, गैस, लकड़ी से संचालित वाहनों, सौर उर्जा प्लेटों, घर के LPG सिलिंडरों आदि की चर्चा कर सकते हैं।	3 कार्य दिवसों में

• भारतीय कृषि एवं बिहार की कृषि की विशेषताओं को जानते हैं। • कृषि के विभिन्न प्रकार एवं फसलों की जानकारी रखते हैं।	**2. भारतीय कृषि**	• कृषि के बारे में जानते हैं। • उपयोगिता के आधार पर फसलों को वर्गीकृत कर सकते हैं। • स्थानान्तरित कृषि एवं गहन कृषि में अंतर बताते है और वाणिज्यिक कृषि को जानते हैं। • हरित क्रांति के बारे में बात–चीत करते है।	• विभिन्न उपज वाली खेतों का अवलोकन कराएँ। • किसी स्थानीय किसान से साक्षात्कार कराएँ। • खेती करने के तरीको के आधार पर वर्गीकरण करते हुए उनके कृषि तकनीक पर चर्चा कर सकते हैं। • बिहार के संदर्भ में मखाना, केला, तम्बाकू के खेती की चर्चा करते हुए बच्चों को वाणिज्यिक कृषि की जानकारी दी सकती है। • किस ऋतु में कौन–सी फसल बोई जाती है इस बात–चीत से शुरूआत करते हुए बच्चों को फसल ऋतुओं की जानकारी दी जा सकती है।	3 कार्य दिवसों में
• विभिन्न प्रकार के उद्योग के बारे में जानते हैं। • विभिन्न आधारों जैसे कच्चे माल, आकार तथा स्वामित्व के आधार पर उनके वर्गीकरण जानते है। • भारत के औद्योगिक क्षेत्रों तथा उनके विकसित होने के कारण जानते है। • भारत के मानचित्र में भारत के लौह–इस्पात उद्योग को चिह्नित कर सकते है। • मानचित्र पर वस्त्र उद्योग	**3. उद्योग** **A. लौह इस्पात उद्योग** **B. वस्त्र उद्योग** **C. सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग**	• कच्चे माल के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण करते हैं। • उद्योग स्थापना को प्रभावित करने वाले कारकों को बताते हैं। • मानचित्र पर लौह इस्पात केन्द्रो को चिह्नित कर लेते है। सेल के बारे में भी जानते है। • वस्त्र उद्योग के प्रमुख केन्द्रो को इंगित कर सकते है। • विभिन्न प्रकार के रेशों/कपड़ों का वर्गीकरण करते हुए उसके उत्पादन के केन्द्रो को बता सकते हैं।	• उद्योग की जानकारी देने के बाद उनका वर्गीकरण एवं उप वर्गीकरण करके जानकारी दे सकते हैं। • समूह कार्य के अन्तर्गत उपवर्गो और उसके अन्तर्गत आए उद्योग के नाम लिखवा सकते हैं। • भारत के मानचित्र में औद्योगिक प्रदेशों को दिखा सकते हैं। • शिक्षक स्टील के बर्त्तनों की सूची बना कर बच्चों से चर्चा कर सकते हैं। इस आधार पर इस्पात उद्योग की चर्चा कर सकते हैं। • विभिन्न लौह इस्पात केन्द्र उनके स्थापना वर्ष एवं सहयोगी देशों से संबंधित परियोजना कार्य करवाए जा सकते हैं। • बच्चो से क्षेत्र में पहने जाने वाले वस्त्रों की सूची बनाने को कह सकते है और इस आधार पर वस्त्र उद्योग की चर्चा की जा सकती है। • चिट्ठी, तार, टेलीफोन की चर्चा करते हुए सूचना	5 कार्य दिवसों में

केन्द्र को चिह्नित कर सकते हैं। • मानव जीवन पर सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभाव को बताते है।		• एन्ड्रायड मोबाइल के एप्लिकेशन्स जानते है। • आई. टी. के संक्षिप्ताक्षर बताते हैं। • आई. टी. से संबंधित महत्वपूर्ण शहरों की जानकारी रखते है।	आदान–प्रदान के बारे में बात की जा सकती है। • सूचना प्रौद्योगिकी में प्रयुक्त उपकरण का मूल्य बताया जा सकता है।	
• परिवहन का मानव जीवन में महत्व की जानकारी है। • परिवहन के प्रकार और साधनों की जानकारी है। • यातायात संकेतक जानते हैं। सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद करने की भावना जागृत है।	**4. परिवहन एवं सड़क सुरक्षा**	• परिवहन का अर्थ एवं प्रकार जानते हैं। • राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वर्णिम चतुर्भुज और एक्सप्रेस वे के बारे में बात–चीत करते हैं। • परिवहन और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के बीच के अन्तर्सम्बन्धों को बताते हैं। • रेल परिवहन, जल परिवहन एवं वायु परिवहन के बारे में जानते है। • Four 'E' को जानते हैं। • गाड़ी चलाने में ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व की जानकारी रखते हैं। • यातायात संकेतक संबंधी सूचना पर जानते हैं।	• आवागमन के साधनों के नाम को सूचीबद्ध करते हुए परिवहन के प्रकार पर चर्चा कर सकते हैं। • आवागमन के विभिन्न साधनों का मॉडल बनवाकर उसमें अंतर स्पष्ट किया जा सकता है। • सड़क पर पैदल चलने के दौरान सामान्य सावधानियों पर बात–चीत करेंगे। • Four 'E' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इनके महत्व को बतायेंगे। • ड्राईविंग लाइसेंस, इसकी अनिवार्यता, अहर्ता तथा जारी करने वाले पदाधिकारी आदि के संबंध में जानकारी दी जा सकती हैं। • सड़क दुर्घटना से संबंधित अखबारी खबरों के साथ सड़क सुरक्षा के विज्ञापन का प्रदर्शन करा सकते हैं। • DTO, ट्रैफिक पुलिस से संवाद करा सकते हैं। • ट्रैफिक संकेतों को चार्ट पेपर पर अंकित करके प्रदर्शित कर सकते हैं।	3 कार्य दिवसों में

• एशिया महादेश का विस्तार तथा भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी है। • एशिया के जनसंख्या वितरण एवं घनत्व से परिचित हैं। • सार्क संगठन के बारे में जानते है। • एशिया की सांस्कृतिक विविधताओं को जानते हैं।	**5. एशिया एक संक्षिप्त अध्ययन**	• ग्लोब में एशिया की स्थिति बताते हैं। • एशिया की प्राकृतिक बनावट और उसकी विविधता से परिचित हैं। • एशिया के जलवायु, वनस्पतियों, जनसंख्या वितरण एवं घनत्व आदि बताते हैं। • सार्क संगठन से परिचित हैं। • एशिया महादेश के सांस्कृतिक उप–प्रदेशों के नाम जानते हैं।	• एशिया का मानचित्र दिखा कर उनमें से एशिया के देश, चौहद्दी, पर्वत, पठार, नदियाँ इत्यादि को अलग–अलग सूचीबद्ध करवाया जा सकता है। • स्थान विशेष/जलवायु विशेष की विशेषताओं की मॉडल एवं चित्रों का प्रदर्शन करें। • एशियाई देशों के जनसंख्या वितरण को मानचित्र पर विभिन्न रंगों से प्रदर्शित कर सकते हैं।	3 कार्य दिवसों में
• तथ्यों के गणितीय एवं सांख्यिकीय माध्यम से विश्लेषण की समझ है। • दैनिक जीवन में तथ्यों का आरेखीय निरूपण करते हैं।	**6. आँकड़ों का निरूपण**	• आँकड़ों की समझ है। • सरल आँकड़ों को तालिकाबद्ध कर विश्लेषण कर सकते हैं। • आरेखों से आँकड़ों को प्रदर्शित करना जानते हैं। • दैनिक जीवन में तथ्यों की तुलना तथा विश्लेषण हेतु आरेख बना सकते है।	• दैनिक जीवन के कुछ आँकड़ों का उदाहरण रखते हुए आँकड़ों के बारे में समझाया जा सकता है। • विभिन्न प्रकार के आँकड़ों की तालिका प्रदर्शित कर सकते हैं। • परिवेश में हो रही गतिविधियों का सर्वेक्षण करा कर उन्हें आँकड़ों के रूप में संघारण करवाया जा सकता है। • विभिन्न आरेखों/दण्ड चार्टों के माध्यम से आँकड़ो का विश्लेषण करा सकते हैं। • आँकड़ो को ग्राफ में प्रदर्शित करके उसकी व्याख्या कर सकते हैं।	2 कार्य दिवसों में

बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–IX

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना द्वारा विकसित

शैक्षणिक सत्र 2021–2022 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा 9 (कक्षा 8 के बच्चे जो सत्र 2021–2022 में कक्षा 9 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवसों की सामग्री)

विषय– सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन

समान अधिगम प्रतिफल के आधार पर पाठों को समेकित कर कार्य दिवसों के आधार पर विभक्त किया गया है। मूल पाठों की संख्या 8 (आठ) है जिसे समेकन के पश्चात भी 8 (आठ) है, पाठ के कुछ विषयों को संक्षिप्त किया गया है।

अधिगम प्रतिफल	पाठ संख्या	पाठ	अवधि
• भारतीय संविधान एवं भारतीय संविधान के संदर्भ में सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक मुद्दो का विश्लेषण करते हैं।	1.	भारतीय संविधान	2 कार्य दिवसों में
• धर्म निरपेक्षता एवं उसकी आवश्यकता को जानते हैं एवं धर्म निरपेक्षता लागू करने में मौलिक अधिकारों की भूमिका को जानते हैं।	2.	धर्म निरपेक्षता और मौलिक अधिकार	2 कार्य दिवसों में
• संसदीय सरकार की विशेषता को बताते हैं एवं संसदीय शासन व्यवस्था में प्रधानमंत्री एवं मंत्रीपरिषद की चयन प्रक्रिया से अवगत हैं।	3.	संसदीय सरकार	2 कार्य दिवसों में
• कानून निर्माण प्रक्रिया को जानते हैं।	4.	कानून की समझ	3 कार्य दिवसों में
• न्यायपालिका की संरचना एवं न्यायपालिका की भूमिका से अवगत हैं।	5.	न्यायपालिका	3 कार्य दिवसों में
• न्यायिक प्रक्रिया से परिचित हैं एवं दीवानी एवं फौजदारी मुकदमों को जानते हैं।	6.	न्यायिक प्रक्रिया	3 कार्य दिवसों में
• सहकारिता की अवधारणा एवं सहकारी समितियों की कार्य पद्धति से अवगत हैं।	7.	सहकारिता	3 कार्य दिवसों में
• कुपोषण एवं आर्थिक विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जानते हैं।	8.	खाद्य सुरक्षा	2 कार्य दिवसों में

शैक्षणिक सत्र 2021–2022 के लिए तीन महीनों की सेतु सामग्री (Catch-up Course)

कक्षा 9 (कक्षा 8 के बच्चे जो सत्र 2021–2022 में कक्षा 9 में पढ़ रहे हैं, उनके लिए 60 कार्य दिवस की सामग्री)

कक्षा 9

विषय– सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन

सीखने का प्रतिफल Learning Outcomes	अध्याय Chapters	अधिगम संकेतक Learning Indicators	सुझावात्मक प्रक्रिया Suggestive Process	अवधि Duration
* संविधान की समझ रखते हैं। * भारतीय संविधान के संदर्भ में सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक मुद्दों को जानते हैं। * संविधान के प्रति आदर भाव रखते हैं। * संविधान के बुनियादी मूल्य लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता, सामाजिक न्याय एवं धर्म–निरपेक्षता की समझ से अवगत है।	**अध्याय (1) भारतीय संविधान**	* संविधान का अर्थ जानते हैं। * देश में संविधान की आवश्यकता को जानते हैं। * भारतीय संविधान की प्रस्तावना को जानते हैं। * भारतीय संविधान के ऐतिहासिक संदर्भ को जानते हैं। * संविधान के बुनियादी मूल्य को पहचानते हैं। * संविधान के बुनियादी मूल्य के आधार पर शासन में आम लोगों की भागीदारी बताते हैं।	* शिक्षक, बच्चों से संविधान और उसकी आवश्यकता की चर्चा कर सकते हैं। * पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ एक में दिए गए गतिविधियों को बच्चों के साथ किया जा सकता है। * पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ 3 में दिए गए चित्रकला की चर्चा बच्चों के साथ की जा सकती है। * भारतीय संविधान के ऐतिहासिक संदर्भ एवं तथ्य जो पाठ्यपुस्तक में अंकित है, उसकी चर्चा की जा सकती है। * वर्ग कक्ष में भारतीय संविधान की प्रस्तावना की चर्चा कर सकते हैं। * संविधान के बुनियादी मूल्य को बताते हुए पाठ्यपुस्तक में दिए गए गतिविधियों को कराया जा सकता है। * विद्यालय में चलाई जा रही योजनाओं एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सूची बनाई जा सकती है।	2 कार्य दिवसों में

* धर्मनिरपेक्षता एवं इसकी आवश्यकता को समझते हैं। * मौलिक अधिकार के बारे में समझते हैं। * धर्मनिरपेक्षता लागू करने में मौलिक अधिकारों की भूमिका को जानते हैं।	**अध्याय (2) धर्मनिरपेक्षता और मौलिक अधिकार**	* धर्मनिरपेक्षता का अर्थ जानते हैं। * धर्मनिरपेक्षता की आवश्यकता को जानते हैं। * मौलिक अधिकारों को जानते हैं। * धर्मनिरपेक्षता को लागू करने में मौलिक अधिकार की भूमिका को जानते हैं। * सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों को धर्म से अलग करके देखते हैं।	* बच्चों से भारत के विभिन्न धर्मों की सूची तैयार करवाते हैं। * देश में लोगों के बीच की धार्मिक भिन्नता का विश्लेषण करते हुए धर्म निरपेक्षता की आवश्यकता की जानकारी दे सकते हैं। * पाठ्यपुस्तक के आधार पर बच्चों में संविधान के मौलिक अधिकारों की जानकारी दी जा सकती है। * पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ 21 में दिए गए प्रश्नों को हल करवा सकते हैं। * पाठ में दिए गए मौलिक अधिकारों द्वारा धर्मनिरपेक्षता को व्यवहारिक रूप देने की कोशिश करने की चर्चा कर सकते हैं। * पृष्ठ 23 की तालिका को हल करवा सकते हैं। * 42 वें संविधान संशोधन के बारे में व्याख्या कर सकते हैं। * भारत मे व्यक्तिगत कानूनों को धर्मनिरपेक्षता के आधार पर बनाने की व्याख्या उदाहरण के साथ की जा सकती है।	2 कार्य दिवसों में
* संसदीय सरकार के बारे में अवगत है। * संसदीय सरकार में आम लोगों की भागीदारी के विषय में जानते हैं। * संसदीय सरकार के गठन को जानते हैं। (राष्ट्रपति, लोकसभा,	**अध्याय (3) संसदीय सरकार (लोग व उनके प्रतिनिधि)**	* संसदीय सरकार को जानते हैं। * प्रतिनिधि का अर्थ जानते हैं। * संसद के कार्य एवं अंगों से अवगत है। * लोकसभा के सदस्यों के चुनाव, कार्यकाल एवं गठन की प्रक्रिया को जानते हैं।	* बच्चों का विद्यालय, अपने गाँव या शहर के शासन–व्यवस्था के साथ तुलना करते हुए देश की शासन व्यवस्था की चर्चा कर सकते हैं। * पाठ्यपुस्तक से संसद के तीनों अंगों की सामूहिक चर्चा की जा सकती है। * अपने राज्य के वर्त्तमान एवं केन्द्र के वर्त्तमान सरकार के गठन द्वारा गठबंधन एवं बहुमत वाली सरकार का विश्लेषण कर सकते हैं। * बाल संसद से तुलना करते हुए प्रधानमंत्री एवं मंत्रीपरिषद	2 कार्य दिवसों में

राज्यसभा) * संसदीय शासन व्यवस्था में प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के चयन प्रक्रिया से अवगत है। * संसद में प्रश्नकाल एवं अविश्वास प्रस्ताव से अवगत है।		* राज्यसभा के सदस्यों की संख्या एवं कार्यकाल के बारे में जानकारी रखते हैं। * भारत के राष्ट्रपति के नाम एवं उनके कार्यकाल को जानते हैं। * बहुमत वाली एवं गठबंधन वाली सरकार को जानते हैं। * प्रधानमंत्री एवं मंत्रीपरिषद के चयन प्रक्रिया को जानते हैं। * संसद के मुख्य कार्य को जानते हैं। * प्रश्नकाल एवं अविश्वास प्रस्ताव के महत्व को जानते हैं।	के चयन प्रक्रिया की चर्चा कर सकते हैं। * संसद के कार्यों की सूची तैयार कर सकते हैं। * प्रश्नकाल एवं अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा कर सकते हैं।	
* कानून एवं उसके प्रकार को जानते हैं। * शिक्षा का अधिकार कानून की समझ रखते हैं। * अलोकप्रिय कानून की जानकारी रखते हैं।	**अध्याय (4) कानून की समझ**	* कानून एवं कानून व्यवस्था का अर्थ जानते हैं। * कानून के प्रकार को जानते हैं। * कानून निर्माण प्रक्रिया को ग्राफ के माध्यम से जानते हैं।	* बच्चों से विद्यालय की कानून व्यवस्था की तुलना करते हुए देश की कानून व्यवस्था की समूह चर्चा कर सकते हैं। * पाठ्यपुस्तक के आधार पर कानून के प्रकार को सूचीबद्ध कर सकते हैं। * श्यामपट्ट पर कानून निर्माण प्रक्रिया को बताते हैं। * पाठ्यपुस्तक में दिए गए उदाहरणों के द्वारा प्रेसबिल और अलोकप्रिय कानून आदि के पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत	3 कार्य दिवसों में

		* शिक्षा का अधिकार कानून के विषय को जानते हैं। * अलोकप्रिय कानून (बिहार प्रेस बिल 1982) के बारे में जानते हैं। * उत्तर पूर्व के राज्यों में लागू सशस्त्र सेना अधिनियम 1974 से 1976 तक आपातकाल में प्रेस विधेयक पर लगाए गए रोक को जानते हैं।	करा सकते हैं।	
* विवादों की समझ रखते हैं। * न्याय के सोपान एवं उसकी प्रक्रिया का विश्लेषण करते हैं। * न्यायपालिका की भूमिका एवं उसके स्वतंत्रता को समझते हैं। * लोक अदालत से अवगत है।	**अध्याय (5) न्यायपालिका**	* न्याय को बताते हैं। * विवादों को निपटारा करने वाली संस्था के बारे में बताते हैं। * न्याय प्रक्रिया को जानते हैं। * न्यायपालिका की स्वतंत्रता से अवगत होते हैं। * भारत में न्यायपालिका की संरचना जानते हैं। * न्यायिक अपील की अवधारणा से अवगत हैं। * लोक अदालत को बताते	* बच्चों से उनके परिवार और आसपास के विवादों को जानते हुए विवादों की समूह चर्चा कर सकते हैं। * पाठ में दिए गए गीता की कहानी बताते हुए उसी प्रकार की अन्य कहानी पर चर्चा करते हुए न्याय को बता सकते हैं। * न्ययपालिका की स्वतंत्रता बनाये रखने के लिए संविधान में अपनाए गए प्रक्रिया की चर्चा करवा सकते हैं। * त्रिस्तरीय न्यायिक व्यवस्था का ग्राफ बना सकते हैं। * जिला स्तर पर वकीलों की संख्या एवं उनके संगठन (डालसा) की गतिविधियों की खबरें अखबारों से संग्रह कर सकते हैं। * डालसा के पदधारकों से चर्चा किया जा सकता है। * पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ 64 में दिए गए तालिका की सहायता	3 कार्य दिवसों मे

		हैं। * ग्राम कचहरी से उच्च न्यायालय तक मुकदमों की चलने वाली प्रक्रिया के बारे में जानते हैं। * दीवानी और फौजदारी मामलों में अंतर जानते हैं।	से फौजदारी मुकदमों की चर्चा कर सकते हैं। * पाठ्यपुस्तक के आधार पर दीवानी और फौजदारी मामले के अंतर को बता सकते हैं।	
* न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी रखते हैं। * न्याय व्यवस्था के व्यवहारिक प्रक्रिया को जानते हैं। * दलितों के विरूद्ध शोषण एवं हिंसा की स्थिति मे अनुसुचित जाति थाना की व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी रखते हैं। * F.I.R. दर्ज करने की प्रक्रिया को जानता है। * दीवानी और फौजदारी मुकदमों को जानते हैं।	**अध्याय (6) न्यायिक प्रक्रिया**	* विवादों को जानते हैं। * ग्राम कचहरी को जानते हैं। * पुलिस के काम को बताते हैं। * SC/ST कल्याण थाना के उद्देश्य को बताते हैं। * F.I.R. को जानते हैं। * छानबीन की प्रक्रिया को जानता है। * पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के पूर्व और पश्चात की जाने वाली सावधानी के बारे में जानते हैं। * जमानती और गैर जमानती अपराध के बारे में जानते	* विनोद और अवधेश के बीच जमीन के झगड़े और न्यायिक प्रक्रिया कहानी के रूप में सुनाते हैं। * पुलिस के कार्यों की चर्चा कर सकते हैं। * SC/ST थाने की चर्चा कर सकते हैं। * F.I.R. की प्रक्रिया पर चर्चा किया जा सकता है। * तत्पश्चात मामले की छानबीन की चर्चा कर सकते हैं। * गिरफ्तारी की प्रक्रिया को वर्ग कक्ष में वर्णन कर सकते हैं। * उपर के उदाहरण की सहायता से जमानती एवं गैर जमानती अपराध के अंतर को बता सकते हैं। * जमानत के लिए पहली पेशी एवं गवाही की प्रक्रिया का वर्णन करते हैं। * पुलिस, वकील एवं मजिस्ट्रेट के कार्यो की चर्चा कर सकते हैं। * निचली अदालत के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की प्रक्रिया की चर्चा कर सकते हैं।	3 कार्य दिवसों में

		हैं। * पुलिस और मजिस्ट्रेट के कार्यो के बीच अन्तर करते हैं।		
* सहकारिता की अवधारणा को जानते हैं। * सहकारी समितियों की कार्य पद्धति को बताते हैं। * सहकारिता के लाभ एवं उसकी समस्याओं को बताते हैं। * पैक्स या अन्य सहकारी समितियों के बारे में जानते हैं।	**अध्याय (7) सहकारिता**	* सहकारिता के अवधारणा को बताते हैं। * सहकारिता की कार्य पद्धति को बताते हैं। * सहकारिता के लाभ एवं समस्या को बताते हैं। * अपने आस–पास चलने वाली सहकारी समितियों के नाम बताते हैं। * पैक्स उपभोक्ता सहकारी समिति आदि के बारे में बताते हैं। * सहकारिता में समानता के तत्त्व को जानते हैं।	* पाठ के पृष्ठ 68 में दी गई गतिविधि करवा सकते हैं। * पाठ में दिए गए माधोपुर की कहानी की सहायता से सहकारिता की अवधारणा को स्पष्ट करते हैं। * सहकारिता की आवश्यकता की चर्चा कर सकते हैं। * पैक्स, उपभोक्ता सहकारी समितियों की कार्य पद्धतियों की जानकारी दे सकते हैं। * सहकारी समितियों की विशेषता एवं कमजोरियों की चर्चा करते हैं। * सहकारिता के माध्यम से समानता के तत्त्व की समूह चर्चा कर सकते हैं।	3 कार्य दिवसों में
* अभिवंचित समूह के हासिए पर होने के कारणों की परिस्थितियों को जानते हैं। * कुपोषण एवं आर्थिक	**अध्याय (8) खाद्य सुरक्षा**	* कुपोषण के बारे में जानते हैं। * कुपोषित बच्चों को पहचानते हैं। * कुपोषण के कुप्रभाव को	* शिक्षक बच्चों से आसपास रह रहे कुपोषित बच्चों के माध्यम से कुपोषण की चर्चा कर सकते हैं। * पाठ में दिए गए चित्रों को देखकर अपने आस–पास के कुपोषित बच्चों को पहचान सकते हैं। * शिक्षक कुपोषण के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों और कारणों	2 कार्य दिवसों में

विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य को जानते हैं।		जानते हैं। * कुपोषण हेतु उत्तरदायी कारणों एवं परिस्थितियों को जानते हैं। * अनाज भंडार, F.C.I., जन वितरण प्रणाली को जानते हैं।	की जानकारी बातचीत के माध्यम से दे सकते हैं। * अपने घर में किए गए अन्न भंडारण की चर्चा करते हुए F.C.I. की चर्चा कर सकते हैं। * अपने गाँव के सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान की चर्चा कर सकते हैं।	

बिहार सरकार

Catch-Up Course

सेतु सामग्री

कक्षा–X

विषय–सामाजिक विज्ञान

सहयोग– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, बिहार

अकादमिक सहयोग– यूनिसेफ, बिहार

